नए साल में टीएसपीडीएल में स्थायीकरण का तोहफा

ठेका कर्मियों के स्थायीकरण को प्रबंधन-यूनियन ने दी हरी झंडी

जमशेदपुर : लंबे इंतजार के बाद नए साल-2016 में टीएसपीडीएल (टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड) के ठेका कर्मियों को स्थायीकरण का तोहफा मिलेगा। मजदूरों को स्थायी कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसे लेकर प्रबंधन-यूनियन के बीच सहमति बन गई है। इसमें बारा व सीआर दोनों यूनिट के कर्मचारी शामिल होंगे। संभवतः आगामी जनवरी महीने में स्थायीकरण की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।



जानकारी हो कि इससे पूर्व दिसंबर-14 में कुल 52 मजदूरों को स्थायी किया गया था। इसमें बारा-सीआर के क्रमशः 26-26 ठेका मजदूर शामिल थे। वर्षों से कंपनी में कार्यरत ये मजदूर स्थायीकरण की बाट जोह रहे हैं। प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही उन्हें स्थायी किया जाएगा। वर्ष 2006 में 80 ठेका मजदूरों को दो चरणों में स्थायी किया गया था।

स्थायीकरण के ये हैं मापदंड

टीएसपीडीएल में स्थायीकरण के लिए कम से कम तीन साल तक लगातार काम करने, लिखित परीक्षा में पास करने ,कार्य दिवस की उपस्थिति, कार्यकुशलता, दक्षता, आचरण आदि देखा जाता है।

'टीएसपीडीएल शहर की एक मात्र ऐसी कंपनी है जहां ठेका मजदूरों को सीधे स्थायी किया जाता है। नए साल में स्थायी कराने का प्रयास जारी है। ज्यादा से ज्यादा स्थायीकरण हो, इस दिशा में यूनियन काम कर रही है। शीघ्र ही प्रबंधन के साथ वार्ता कर कर्मचारी हित में निर्णय लिया जाएगा'।

–राकेश्वर पांडेय
यूनियन अध्यक्ष।